PT-2 अभ्यास-पत्रक

कक्षा - चौथी विषय-हिंदी

समय – 3 घंटे पूर्णांक – 80

खण्ड -अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

दिए गए गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर लिखिए-

"हमारे देश में बहुत से त्योहार मनाए जाते हैं। त्योहार का अर्थ है आनंद से मनाया जाने वाला उत्सव । होली, दीपावली, राखी, ईद, क्रिसमस। ये सब त्योहार हमें आपसी मेल-जोल और प्यार का संदेश देते हैं। हर राज्य में कुछ त्योहार अलग-अलग ढंग से मनाए जाते हैं। जैसे - दक्षिण भारत में पोंगल, उत्तर भारत में संक्रांति, दोनों ही फ़सल कटने पर मनाए जाते हैं।"

1. त्योहार का अर्थ है ?

   अ) मेले में जाना ब) खुशियाँ मनाना स) आनंद से मनाया जाने वाला उत्सव द) खेल खेलना

2. त्योहार हमें क्या संदेश देते हैं ?

   अ) ज्ञान - प्रेम ब) प्रेम - मित्रता स) आपसी मेल-जोल और प्यार द) मित्रता - उत्सव

3. फ़सल कटने पर मनाए जाने वाले त्योहारों के नाम लिखें ?

   अ) होली - दीपावली ब) दीपावली - दशहरा स) पोंगल - संक्रांति द) ईद - क्रिसमस

4. दक्षिण भारत में फ़सल कटने पर ________मनाया जाता हैं। "

   अ) पोंगल ब) संक्रांति स) दीपावली द) दशहरा

5. उत्तर भारत में फ़सल कटने पर ________मनाया जाता हैं। "

   अ) पोंगल ब) संक्रांति स) दीपावली द) दशहरा

चाह नहीं सम्राटों के शव पर
है हरि डाला जाऊँ,
चाह नहीं देवों के सिर पर
चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊँ,
मुझे तोड़ लेना बनमाली,
उस पथ पर देना तुम फेंक !
मातृ-भूमि पर शीश- चढ़ाने,
जिस पथ पर जावें वीर अनेक !

उपरोक्त पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर, विकल्पों में से चुनकर लिखिए-

1. फूल किसके सिर पर नहीं चढ़ना चाहता ?

   अ) भगवान के ब) सम्राट के स) देवताओं के द) शवों के

2. फूल किसके शव पर नहीं डाला जाना चाहता ?

   अ) इंसान के ब) गरीब के स) सम्राट के द) धनवान के

3. फूल बनमाली से किसके लिए प्रार्थना करता है ?

अ) माला में पिरोने के लिए   ब) फेंक देने के लिए

स) वीरों के पथ में डालने के लिए   द) नदी में बहाने के लिए

4. इस पद्यांश में "पथ" शब्द का अर्थ है-

अ) गली   ब) रास्ता   स) नदी   द) पहाड़

5. पद्यांश में प्रयुक्त "वीर" शब्द का विलोम शब्द होगा-

अ) कमजोर   ब) बलवान   स) कायर   द) मूर्ख

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

1) बादल _______ बजाते हैं।

2) बादल ज़िद्दी बन ________लाते हैं।

3) अकबर के दरबार में ________ की तूती बोलती थी।

4) बच्चों ने मिलकर खेलने के लिए _______ बनाया था।

5) पापा एक अच्छा _______ बनना चाहते थे।

6) नसीरुद्दीन ने अपने दोस्त को पहनने के लिए ________ दी थी।

7) "नाव बनाओ नाव बनाओ" कविता के कवि का नाम _______है।

निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही या गलत लिखिए-

1) सभी भाषाओं को लिखने के लिए जो चिह्न निर्धारित किए गए हैं इन्हें लिपि कहते हैं। ( )

2) स्वर, अयोगवाह और व्यंजनों के क्रमबद्ध समूह को वर्णमालाकहते है। ( )

3) जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं निकलता है उन्हें सार्थक शब्द कहते हैं। ( )

4) शब्दों के सार्थक मेल से वर्ण बनता है। ( )

5) "बचपना" भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है। ( )

6) डॉक्टर, मंत्री, इंजीनियर, प्रोफेसर, प्रधानमंत्री आदि शब्द केवल स्त्रीलिंग में प्रयोग किए जाते हैं। ( )

7) उल्टा अर्थ को प्रकट करने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते है। ( )

8) कीर्ति का विलोम शब्द अपकीर्ति होता है। ( )

खण्ड - ब (लघुउत्तरीय प्रश्न)

1) तूफ़ान क्या होता है ? बादलों को तूफ़ानी क्यों कहा गया है ?

2) भाषा के कितने भेद होते है ? उनके नाम लिखिए ?

अथवा

निम्नलिखित भाषाएँ किस लिपि में लिखी जाती है ?

हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी

3) दिए गए शब्दों में सार्थक और निरर्थक शब्द छाँटकर लिखिए-

पुस्तक, चकल, जल, चाँद, आम, पकर, विद्या, पौधे, करप, रनग, कड़ग, विलो

4) शब्दों को सही क्रम में लिखकर सार्थक वाक्य बनाइए -

1) होगी । आज पूजा

2) बोलो | सच सदा

3) आज घूमने हम जाएगें |

4) राधा रही स्कूल जा है।

5) संज्ञा के कितने भेद होते हैं ?नाम लिखिए -

6) निम्नलिखित शब्दों में स्त्रीलिंग और पुल्लिंग शब्द चुनकर लिखिए -

मोर, चूहा, पत्थर, सुनार, बालिका, वर, हाथी, माता, रानी, बहन, टोकरी

7) निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार या अनुनासिक का निशान लगाकर सही शब्द लिखिए -

झडा, चाद , दात , आख , हस, बदर

खण्ड-स (दीर्घउत्तरीय प्रश्न)

1) ख्वाजा सरा कौन थे ? उनको किस बात का अभिमान था ?

2) किरमिच की गेंद कहानी से दिनेश के कौन कौन से गुणों का पता चलता है ?

3) अगर तुम रेलगाड़ी से सफ़र करोगे तो तुम्हें प्लेटफ़ॉर्म और रेलगाड़ी में कौन-कौन लोग नज़र आएंगे ?

4) निम्नलिखित मिलती-जुलती आवाज़ वाले शब्दों के अर्थ बताते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

क) घड़ा- गढ़ा   ख) फन-फ़न   ग) सज़ा- सजा   घ) राज़- राज

अथवा

सच्ची मित्रता से संबंधित कोई चार वाक्य लिखिए ।

5) अत्यधिक बारिश होने से क्या - क्या नुकसान होता है ?

अथवा

जल सरंक्षण के चार उपाय लिखिए।

खण्ड -द (रचनात्मक लेखन)

1) **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-**

पुस्तकालय, स्वतंत्रता-दिवस, विद्यालय में गणवेश की अनिवार्यता, रक्षाबंधन ।

2) अपने नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को अपने मोहल्ले की सफाई हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमें अपने इलाके में फैली डेंगू की बीमारी का वर्णन हो और उसकी रोकथाम के लिए उपाय भी बताए गए हों।

अथवा

अपने प्राचार्य महोदय को तीन दिनों के अवकाश हेतु आवेदन पत्र लिखिए।